# हिन्दी / HINDI

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

## ( साहित्य ) / ( LITERATURE )

## 2023

निर्धारित समय : तीन घंटे
*Time Allowed : Three Hours*

अधिकतम अंक : 250
*Maximum Marks : 250*

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

इसमें आठ प्रश्न हैं, जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी में छपे हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं तथा शेष प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर हिन्दी (देवनागरी लिपि) में ही लिखे जाएँगे ।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed in **HINDI**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions No. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.*

*The number of marks carried by a question/part is indicated against it.*

*Answers must be written in **HINDI** (Devanagari Script).*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.*



RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

raadheythevisiion.in

## SECTION A

**Q1.** निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए : *10×5=50*

(a) आरंभिक हिंदी की प्रमुख विशेषताएँ *10*

(b) हिंदी भाषा के मानकीकरण में द्विवेदी-युग का योगदान *10*

(c) विज्ञान और तकनीक की भाषा के रूप में हिंदी का विकास *10*

(d) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता *10*

(e) पूर्वी हिंदी व पश्चिमी हिंदी के प्रमुख अंतर *10*

**Q2.** (a) साहित्यिक भाषा के रूप में ब्रज के विकास में मध्यकालीन कृष्ण-भक्त कवियों के योगदान पर प्रकाश डालिए । *20*

(b) स्वाधीनता-आंदोलन की संघर्ष भाषा के रूप में हिंदी की प्रतिष्ठा पर विचार कीजिए । *15*

(c) फ़ॉन्ट एवं लिपि के व्यामोह में देवनागरी लिपि के वैशिष्ट्य को निर्धारित कीजिए । *15*

**Q3.** (a) 19वीं सदी में खड़ी बोली को साहित्यिक भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने के दौरान प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डालिए । *20*

(b) अपभ्रंश की व्याकरणिक विशेषताएँ बताइए । *15*

(c) देवनागरी लिपि के सुधार हेतु स्वतंत्र भारत में किए गए प्रयत्नों की चर्चा कीजिए । *15*

**Q4.** (a) राजस्थानी वर्ग की प्रमुख बोलियों की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए । *20*

(b) संत-साहित्य में प्रयुक्त खड़ी बोली के स्वरूप की चर्चा कीजिए । *15*

(c) स्वाधीन भारत में हिंदी-प्रयोग के नवीन आयाम पर प्रकाश डालिए । *15*



RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

raadheythevisiion.in

## SECTION B

**Q5.** निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए : *10×5=50*

(a) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल-पूर्व हिंदी साहित्य इतिहास का लेखन *10*

(b) हिंदी रासो काव्यों की प्रमुख विशेषताएँ *10*

(c) हिंदी सूफ़ी कवियों की लोकोन्मुखता *10*

(d) हिंदी के प्रमुख यात्रा-वृत्तांतों का वैशिष्ट्य *10*

(e) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की सैद्धांतिक आलोचना *10*

**Q6.** (a) आदिकालीन साहित्य के अध्ययन की प्रमुख समस्याएँ लिखिए । *20*

(b) बालकृष्ण भट्ट एवं प्रताप नारायण मिश्र के वैशिष्ट्य को निर्धारित कीजिए । *15*

(c) प्रेमचंद के उपन्यास लेखन में उनकी यथार्थ-दृष्टि का विकास किस रूप में हुआ है ? स्पष्ट कीजिए । *15*

**Q7.** (a) 'तुलसी का काव्य लोकमंगल की साधना है ।' इस कथन की समीक्षा कीजिए । *20*

(b) 'निराला' की कविता का मुख्य स्वर स्पष्ट कीजिए । *15*

(c) स्वातंत्र्योत्तर हिंदी रंगमंच के विकास में लोक-नाट्य की भूमिका स्पष्ट कीजिए । *15*

**Q8.** (a) "जयशंकर प्रसाद के नाटक तत्कालीन राष्ट्रीय सांस्कृतिक चेतना की अभिव्यक्ति का समर्थ रूप हैं ।" समीक्षा कीजिए । *20*

(b) घनानंद की 'भाषा-प्रवीणता' को स्पष्ट कीजिए । *15*

(c) 'अज्ञेय' की कहानियों की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए । *15*



raadheythevisiion.in

RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009